Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 सितंबर, 2023

अल्ज़ाइमर रोग से निपटने के लिये प्राकृतिक पॉलीफेनॉल्स

[विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST)](#) के एक स्वायत्त संस्थान, **जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (JNCASR)** के शोधकर्ताओं ने जानकारी दी है कि प्राकृतिक रूप से मौजूद पादप-आधारित **पॉलीफेनॉल्स** (एंटीऑक्सीडेंट गुणों वाले लाभकारी पादप यौगिक) जैसे- **चेस्टनट** और **ओक टहनियों** में पाए जाने वाले **टैनिक एसिड से** [अल्ज़ाइमर रोग (AD)](#) से निपटने की दिशा में एक सुरक्षित एवं लागत प्रभावी रणनीति के साथ **फेरोप्टोसिस- AD एक्सिस** पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

- एडी एक प्रोग्रेसिव न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार है जो **स्मृति और संज्ञानात्मक ह्रास** को दर्शाता है।
  - फेरोप्टोसिस एक प्रकार की **क्रमादेशित कोशिका मृत्यु** है जो शरीर में मौजूद **आयरन तत्त्व पर निर्भर** होती है और **AD के विकास से जुड़ी** होती है।
- AD फेरोप्टोसिस की विशेषताओं से संबद्ध है, जिसमें **असामान्य लौह तत्त्वों के निर्माण** और एंटीऑक्सीडेंट एंज़ाइम **ग्लूटाथियोन पेरोक्सीडेज़ 4 (GPX4)** की कम गतिविधि शामिल है।
- **टैनिक एसिड GPX4 को सक्रिय कर बढ़ाता है, जो AD से निपटने के लिये एक व्यापक दृष्टिकोण पेश करता है।**

और पढ़ें... [अल्ज़ाइमर रोग](#)

महामारी से बचाव की तैयारी के लिये भारत और WOAH के बीच सहयोग

- हाल ही में पशुपालन और डेयरी विभाग ने **विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन** (WOAH) के साथ साझेदारी में हैदराबाद में एक बहु-क्षेत्रीय कार्यशाला **"भारत में वन्यजीवों में स्पिलओवर घटनाओं का जोखिम-आधारित प्रबंधन"** का आयोजन किया।
- कार्यशाला का उद्देश्य वन्यजीव-उत्पत्ति रोग जोखिम विश्लेषण के बारे में **हितधारकों के ज्ञान को बढ़ाना है।**
- इन चर्चाओं में ["वन हेल्थ" दृष्टिकोण](#), अंतर-क्षेत्रीय सहयोग और महामारी संबंधी तैयारियों के महत्त्व पर ज़ोर दिया गया।
  - "वन हेल्थ" दृष्टिकोण वन्यजीवों, घरेलू पशुओं और मानव के स्वास्थ्य के बीच अंतर्संबंध को देखते हुए **स्थायी भविष्य के लिये महत्त्वपूर्ण है।**
- **WOAH एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसकी स्थापना** वर्ष 1924 में विश्व के जीवों के स्वास्थ्य में सुधार के लिये की गई थी।
  - WOAH का उद्देश्य **एपिज़ूटिक रोगों के प्रसार को नियंत्रित करना और रोकना है।**
  - WOAH में **182 सदस्य देश हैं, जिनमें सभी EU सदस्य देश शामिल हैं।**
  - **WOAH का मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है** और क्षेत्रीय आयोग विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में बनाए गए हैं।

और पढ़ें... ["वन हेल्थ" दृष्टिकोण](#)

ऑपरेशन पोलो

13 सितंबर, 1948 को **हैदराबाद** रियासत को एकीकृत करने के लिये भारत द्वारा सैन्य कार्रवाई शुरू की गई, जिसे **"ऑपरेशन पोलो"** के नाम से जाना जाता है, यह भारतीय इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना थी।

- **हैदराबाद का निज़ाम, मीर उस्मान अली शाह** कश्मीर संघर्ष में भारत सरकार की व्यस्तता का लाभ उठाते हुए आज़ादी के बाद भारत या पाकिस्तान में शामिल होने से हिचकिचा रहा था।
  - **नवंबर 1947** में हस्ताक्षरित एक स्टैंडस्टिल समझौते ने **हैदराबाद और भारत के बीच एक वर्ष के लिये यथास्थिति** बनाए रखी, जिससे निज़ाम को स्वतंत्र रूप से शासन जारी रखने की अनुमति मिली।
  - हालाँकि **बढ़ते तनाव, सीमा पार छापे और एक स्वतंत्र राज्य स्थापित करने के उसके इरादों ने** भारत को कार्रवाई करने के लिये प्रेरित किया।
- **इस ऑपरेशन के दौरान कई दिशाओं से सुनियोजित सैन्य आक्रमण** के परिणामस्वरूप अंततः हैदराबाद राज्य की सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा।
  - [सरदार वल्लभभाई पटेल](#) **की निगरानी में चलाया गया यह महत्त्वपूर्ण अभियान 17 सितंबर, 1948 को युद्धविराम की घोषणा के साथ**

समाप्त हुआ, जिससे 18 सितंबर, 1948 तक हैदराबाद प्रभावी रूप से भारतीय नियंत्रण में आ गया।

और पढ़ें...[हैदराबाद मुक्ति दिवस]

हिंदी दिवस

प्रत्येक वर्ष **14 सितंबर** को मनाया जाने वाला [हिंदी दिवस] **ऐतिहासिक रूप से** अत्यधिक **महत्त्वपूर्ण** है क्योंकि यह भारत द्वारा **हिंदी को आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाने** की स्मृति को चिह्नित करता है।

- इसकी पृष्ठभूमि **भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रारंभिक दिनों** में देखी जा सकती है, जब प्रतिबद्ध हिंदी विद्वानों तथा कार्यकर्त्ताओं के एक समूह ने हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिये वर्ष 1918 में **हिंदी साहित्य सम्मेलन** (Hindi Literary Conference) का गठन किया था।
- इसमें निर्णायक मोड़ **14 सितंबर, 1949** को आया, जब भारत की संविधान सभा ने आधिकारिक तौर पर **हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया** तथा इसकी परिकल्पना भारत के विविध भाषायी एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों के मध्य एक सेतु के रूप में की गई थी।
    - वर्तमान में **केंद्र सरकार की दो आधिकारिक भाषाओं में** हिंदी के साथ **अंग्रेज़ी भाषा शामिल** है और यह भारत की 22 [अनुसूचित भाषाओं] में से एक है।
- **विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी** को मनाया जाता है। यह प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगाँठ की स्मृति में मनाया जाता है, जो **10 जनवरी, 1975** को **नागपुर** में आयोजित हुआ था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-september,-2023